
# वैश्विक संकट के बीच बढ़ा भारतीय निर्यात

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- नए बाजारों में बढ़ेगी भारत की पकड़

**नई दिल्ली, 8 मई वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका की शुल्क नीतियों से बनी अनिश्चितताओं के बीच भारत ने निर्यात के मोर्चे पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है.**

वित्त वर्ष 2025-26 में देश का कुल वस्तु और सेवा निर्यात 4.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 863.11 अरब डॉलर तक पहुंच गया है. इस उपलब्धि ने दुनिया को यह संकेत दिया है कि भारत अब केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है. खास बात यह रही कि सेवा क्षेत्र और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात ने इस वृद्धि को नई ऊंचाई दी है केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वाणिज्य विभाग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय मंथन बैठक की. बैठक में भारतीय कारोबारों की वैश्विक पहुंच बढ़ाने, नए निर्यातकों को अवसर देने और दुनिया के नए बाजारों तक भारत की पहुंच मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई. वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में भारत का कुल निर्यात 825.26 अरब डॉलर था, जो अब बढ़कर 863.11 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. वस्तु निर्यात में 0.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 441.78 अरब डॉलर तक पहुंचा. वहीं सेवा निर्यात ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8.71 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की और 421.32 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू लिया.



गोयल ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय निर्यातकों का आत्मविश्वास मजबूत बना हुआ है. उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले महीनों में भारत नए बाजारों में और अधिक मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा.

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं, बिजनेस सॉल्यूशंस और पेशेवर सेवाओं की वैश्विक मांग लगातार बढ़ रही है. यही कारण है कि सेवा निर्यात भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है. अप्रैल के पहले तीन सप्ताहों में कुल निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज होना भी भारतीय व्यापार जगत के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है.

## रुपया 27 पैसे मजबूत

**मुंबई, 08 मई** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को 27.25 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94.22 रुपये का बोला गया.

भारतीय मुद्रा लगातार तीसरे दिन मजबूत बंद हुई है. पिछले कारोबारी दिवस पर यह 68.75 पैसे चढ़कर 94.4925 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी. रुपये पर आज शुरुआती दबाव रहा. यह 27.75 पैसे की गिरावट में 94.77 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और दोपहर से पहले ही 94.90 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया था. हालांकि इसके बाद इसने अच्छी वापसी की और 94.08 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ. अंत में 94.22 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में नरमी से रुपये को समर्थन मिला. हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाल रहने से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही.

# 5 .8 लाख करोड़ डॉलर पहुंचेगा रियल एस्टेट

**2034 तक बनेंगे करोड़ों नए घर**

**एआई अपनाने में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज**



**नई दिल्ली, 8 मई भारत का रियल एस्टेट सेक्टर आने वाले वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा विकास इंजन बन सकता है.**

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ महासंघ और केपीएमजी की संयुक्त रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय रियल एस्टेट बाजार वर्ष 2025 के 650 अरब डॉलर के स्तर से बढ़कर 2047 तक 5.8 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 5.8 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है. रिपोर्ट के अनुसार शहरीकरण, तकनीकी बदलाव, डिजिटल लेनदेन और बढ़ते निवेश की वजह से देश का प्रॉपर्टी बाजार नई ऊंचाइयों को छूने की तैयारी में है.

'भारत के रियल एस्टेट परिदृश्य की पुनर्कल्पना' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट 19वें फिक्की रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन में जारी की गई. रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में देश में आवासीय, व्यावसायिक और रिटेल प्रॉपर्टी की मांग तेजी से बढ़ेगी. अनुमान है कि वर्ष 2034 तक 906 अरब डॉलर के नए घरों का निर्माण किया जा सकता है, जबकि 2028 तक 410 लाख वर्ग फुट नई रिटेल स्पेस विकसित होने की संभावना है.

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में स्मार्ट सिटी, ग्रीन बिल्डिंग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा आधारित फैसले रियल एस्टेट सेक्टर की दिशा तय करेंगे. ऑनलाइन प्रॉपर्टी विजिट, वर्चुअल टूर और एआई आधारित ग्राहक विश्लेषण जैसे बदलाव अब तेजी से आम हो रहे हैं. इससे ग्राहकों को पारदर्शिता और बेहतर अनुभव मिलेगा.



# कर्मचारियों को मिला 20 हफ्तों का बोनस

**रिकॉर्ड मुनाफे के बाद एमिरेट्स ग्रुप का बड़ा ऐलान**

**1.3 लाख कर्मचारियों की लगी लॉटरी**

**दुबई, 8 मई दुबई की प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेट्स ग्रुप ने अपने कर्मचारियों को ऐसा तोहफा दिया है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया है.**

कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड मुनाफा कमाने के बाद 1.3 लाख से अधिक कर्मचारियों को 20 हफ्तों की सैलरी बोनस के तौर पर देने का ऐलान किया है. यह बोनस लगभग पांच महीने की तनख्वाह के बराबर माना जा रहा है. कंपनी के इस फैसले से कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है.

एमिरेट्स ग्रुप ने यह उपलब्धि ऐसे समय में हासिल की है, जब वैश्विक स्तर पर एविएशन सेक्टर कई चुनौतियों से गुजर रहा है. अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पश्चिम एशिया में हवाई सेवाओं पर असर पड़ा था. कई उड़ानों के रूट प्रभावित हुए और एयर ट्रैफिक पर दबाव बना रहा. इसके बावजूद कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास का सबसे बड़ा मुनाफा दर्ज किया.

कंपनी के मुताबिक, टैक्स से पहले उसका मुनाफा 24.4 बिलियन दिरहम तक पहुंच गया, जो पिछले साल के मुकाबले 7 प्रतिशत अधिक है. वहीं कंपनी की कुल आय 150.5 बिलियन दिरहम रही, जिसमें 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई. यह आंकड़े दिखाते हैं कि मुश्किल हालात के बावजूद कंपनी ने अपनी कारोबारी मजबूती बनाए रखी.

एमिरेट्स ग्रुप के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि कंपनी की सफलता के पीछे कर्मचारियों की मेहनत, धैर्य और समर्पण सबसे बड़ी ताकत है.

एमिरेट्स ग्रुप का यह फैसला दुनिया की बड़ी कंपनियों के लिए भी एक संदेश माना जा रहा है कि कर्मचारियों की मेहनत को सम्मान देना किसी भी संस्थान की दीर्घकालिक सफलता का सबसे मजबूत आधार होता है.

# फेडरल बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी ईपीएफओ सेवा शुरू

**नयी दिल्ली, 08 मई फेडरल बैंक का डिजिटल प्लेटफॉर्म अब कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ जुड़ गया है.**

बैंक ने गुरुवार को बताया कि फेडरल बैंक के ग्राहक अब नेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी सुविधानुसार और सुरक्षित तरीके से ईपीएफओ भुगतान कर सकेंगे. यह कार्य बेहद आसान तरीके से बिना किसी झंझट के हो सकेगा. इसका शुभारंभ यहां आयोजित एक विशेष समारोह में किया गया जिसमें क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 (बैंकिंग) बृज मोहन सिंह, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 (बैंकिंग) अजय कृष्ण पालीवाल और ईपीएफओ अधिकारी कपिल आनंद भी मौजूद थे. फेडरल बैंक का प्रतिनिधित्व बैंक के सरकारी एवं संस्थागत कारोबार विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कंट्री हेड अनूप टी. ने अन्य अधिकारियों के साथ किया.

# तीसरे दिन भी चमका सोना-चांदी बाजार

**300 रुपए महंगा हुआ सोना**

**1100 रुपए उछली चांदी**

**नई दिल्ली, 8 मई देशभर के सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन भी सोना और चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है. शुक्रवार सुबह कारोबार शुरू होते ही दोनों कीमती धातुओं के दामों में जोरदार उछाल दर्ज किया गया.**

सोना 300 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक महंगा हुआ, जबकि चांदी में 1100 रुपए प्रति किलो से ज्यादा की तेजी देखी गई.



वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, डॉलर में उतार-चढ़ाव और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के कारण सोना-चांदी लगातार मजबूत बने हुए हैं. निवेशकों का रुझान एक बार फिर कीमती धातुओं की तरफ बढ़ा है, जिससे कीमतों को समर्थन मिल रहा है. चांदी ने भी तेजी का सिलसिला जारी रखते हुए बाजार में नई ऊंचाई छू ली. दिल्ली, मुंबई, जयपुर, लखनऊ और भोपाल समेत कई शहरों में सर्राफा बाजार के भाव बढ़ गए हैं.

ज्वेलर्स का कहना है कि शादी-ब्याह के सीजन और निवेशकों की बढ़ती खरीदारी से मांग में इजाफा हुआ है. ऐसे में आने वाले दिनों में भी सोना और चांदी के दामों में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना बनी हुई है.

## एक परिवार, दो राज्य, तीन पार्टी और तीन विधायक

नई दिल्ली. ऐसे संयोग बार बार नहीं होते हैं कि एक परिवार के सदस्य दो राज्यों, तीन अलग अलग पार्टियों से चुनाव लड़ें और जीत कर विधायक हो जाएं. तमिलनाडु में यह कारनामा हुआ है और कारनामा किया है लॉटरी किंग के नाम से मशहूर सैंटियागो मार्टिन के परिवार ने.

सैंटियागो मार्टिन का नाम कुछ समय पहले इस बात के लिए चर्चा में आया था कि उन्होंने सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदे थे और राजनीतिक दलों को चंदा दिया था.

# भारतीय शेयर बाजारों में आई गिरावट

## बैंकों और वित्तीय कंपनियों पर दबाव

**516 अंक टूटा सेंसेक्स**

**150 अंक नीचे आया निफ्टी**

**मुंबई, 08 मई विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट रही और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया.**

बीएसई का सेंसेक्स 516.33 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत नीचे 24,176.15 अंक पर बंद हुआ.

वृहत बाजार में अधिकतर सूचकांक लाल निशान में रहे. हालांकि निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.22 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ.



दूसरे प्रमुख एशियाई बाजारों में गिरावट से भी निवेश धारणा प्रभावित हुई. शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट देखी जा रही है.

बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव रहा. तेल एवं गैस, धातु और रियलटी समूहों के सूचकांकों में भी ज्यादा गिरावट देखी गयी. आईटी समूह में सबसे अधिक लिवाली देखी गयी. टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया.

सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े छह फीसदी से ज्यादा लुढ़क गया. एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूट गये. ट्रेंट, बजाज फिनसर्व और इटरनल में भी गिरावट रही. टाइटन का शेयर पौने पांच प्रतिशत उछला. एशियन पेंट्स में करीब तीन फीसदी की बढ़त रही. अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही.

# एसबीआई को चौथी तिमाही में 20,161 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई.** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी ऋणदाता कंपनी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में समेकित आधार पर 20,161 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 1.10 प्रतिशत अधिक है. एसबीआई के निदेशकमंडल ने शुक्रवार को वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की. इस दौरान बैंक को ब्याज से प्राप्त समेकित राजस्व 1,31,080 करोड़ रुपये रहा जबकि जमा पर उसने ग्राहकों को 79,953 करोड़ रुपये का ब्याज दिया. इस प्रकार ब्याज से उसकी शुद्ध आय 51,127 करोड़ रुपये रही.वित्तीय परिणाम अपेक्षा से कमजोर रहने के कारण कंपनी का शेयर साढ़े छह प्रतिशत से अधिक टूट गया.


भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
एक नवरत्न कम्पनी (भारत सरकार का उपक्रम)
A Navratna Company (A Govt. of India Undertaking)
कॉनकॉर CONCOR
NSIC New MDBP Building, 3rd Floor, Okhla Indl. Estate (Opp. NSIC Okhla Metro Station), New Delhi-110020

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कॉनकॉर निम्नलिखित कार्य हेतु एकल पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करता है :-

| | |
|---|---|
| निविदा क्रमांक | CON/Area-II/EP/ICD-Mandideep/E-11129/2026-27 |
| कार्य का नाम | आईसीडी-मंडीदीप (भोपाल)में लगभग 7,600 वर्गमीटर कच्चे यार्ड क्षेत्र का एम-50 सीसी ब्लॉक पेवमेंट सहित विकास कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹411.49 लाख (जीएसटी सहित) |
| पूर्ण होने की अवधि | 06 (छह) महीने |
| बयाना राशि (ईएमडी) | ₹3,55,745.00 (केवल रुपये तीन लाख पचपन हज़ार सात सौ पैंतालिस) |
| निविदा दस्तावेज की लागत (अप्रतिदेय) | शून्य |
| निविदा प्रक्रिया शुल्क (अप्रतिदेय) | ₹3540/- (ई-भुगतान के माध्यम से समस्त करों एवं शुल्कों सहित) |
| निविदा बिक्री की तिथी (ऑनलाइन) | 09.05.2026 (15:00 बजे) से 02.06.2026 (17:00 बजे तक) |
| निविदा जमा करने की तारीख और समय (ऑनलाइन) | 03.06.2026 पर 17:00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तारीख और समय (ऑनलाइन) | 04.06.2026 पर 15:00 बजे तक |

वित्तीय पात्रता मानदंड, समान प्रकृति के कार्यों के अनुभव आदि के संबंध में विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट www.concorindia.co.in पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना देखें। लेकिन पूरा निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इस निविदा से संबंधित यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो वह केवल website www.concorindia.co.in. www.tenderwizard.com/CCIL तथा केंद्रीय खरीद पोर्टल (CPP) पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्रों में पृथक प्रेस विज्ञापन नहीं किया जाएगा।

समूह महाप्रबंधक (परियोजनाएं)
फोन नं.: 011-41222500



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बीना इटावा जिला सागर म.प्र.**

**निविदा सूचना**

क्रमांक/379/2026 बीना, दिनांक 8/5/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_505988_1 9-5-2026 | मेनपावर (सफाई मित्र) की सेवाएं प्रदान करना | 1. 12 माह 2. 3727500 | 1. 5000 2. 27956 | 9-6-2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का प्रकाशन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बीना बीना इटावा


# अहमदाबाद मंडल ने जीतीं 7 दक्षता शील्ड

**पश्चिम रेलवे की पहली जनसंपर्क शील्ड**

**मुंबई 8 मई.** पश्चिम रेलवे के 71वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन 9 मई, 2026 को मुंबई स्थित यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में किया गया। यह पुरस्कार समारोह प्रतिवर्ष पश्चिम रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे श्री रामाश्रय पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि रेल सप्ताह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में मंडलों एवं इकाइयों को दक्षता शील्डें प्रदान की गईं, जिन्हें वर्ष 2025-26 में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला पाया गया। पश्चिम रेलवे ने भारतीय रेलवे में ट्रेनों की समयपालनता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 71वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में अहमदाबाद मंडल ने अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती मंजू मीणा ने बताया कि इस गरिमामयी आयोजन में मंडल ने विभिन्न श्रेणियों में कुल 07 दक्षता शील्ड्स अपने नाम कीं, जो न केवल इसके परिचालन कौशल को दर्शाती हैं बल्कि पश्चिम रेलवे के भीतर इसकी श्रेष्ठ कार्य संस्कृति को भी प्रमाणित करती हैं। इस सफलता की सबसे विशिष्ट कड़ी पश्चिम रेलवे की पहली 'जनसंपर्क शील्ड' रही, जिसे जीतकर अहमदाबाद मंडल ने जन-संवाद और सूचना प्रसार के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है।

मंडल की इस बहुमुखी सफलता में तकनीकी और परिचालन क्षेत्रों का भी विशेष योगदान रहा। विशेष रूप से कांकरिया डिपो को 'नमो भारत' जैसी आधुनिक ट्रेनों के उत्कृष्ट रखरखाव के लिए 'मेकेनिकल बेस्ट मेंटेंड (मेल/एक्सप्रेस) ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, पालनपुर रनिंग रूम को उसके उच्च स्तरीय स्वच्छता मानकों और रेलकर्मियों के लिए उपलब्ध कराई गई उत्कृष्ट सुविधाओं हेतु 'बेस्ट मेंटेंड रनिंग रूम शील्ड' प्रदान की गई।




मंडल की सामूहिक कार्यक्षमता का प्रदर्शन उन पुरस्कारों में भी दिखा जो अन्य मंडलों के साथ साझा किए गए। सिविल इंजीनियरिंग शील्ड को वडोदरा मंडल के साथ, जबकि रोलिंग स्टॉक शील्ड को मुंबई सेंट्रल मंडल के साथ साझा किया गया। परिचालन और माल ढुलाई के क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत रखते हुए अहमदाबाद मंडल ने 'ऑपरेटिंग शील्ड' और 'बेस्ट लोडिंग एफर्ट शील्ड' को रतलाम मंडल के साथ संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 'सर्वे एवं कंस्ट्रक्शन शील्ड' को उप मुख्य इंजीनियर-द्व (निर्माण), अहमदाबाद द्वारा रतलाम के साथ साझा रूप से प्राप्त किया गया, जो मंडल के विस्तारवादी दृष्टिकोण और टीम वर्क की भावना को पुख्ता करता है।

इस गौरवशाली अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती मंजू मीणा ने इस सफलता का श्रेय पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों और समर्पण को दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि अहमदाबाद मंडल का प्राथमिक ध्येय सदैव यात्री सुरक्षा को सर्वोपरि रखना और यात्रा के अनुभव को सुखद बनाने के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी कार्य निष्पादन के इन उच्च मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)] कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 30.06.2025 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों 1. सोनू अहिरवार, 2. सविता बाई को नोटिस में उल्लिखित राशि 5,57,707.44/- (पांच लाख सत्तावन हजार सात सौ सात और चवालीस पैसे मात्र) दिनांक 27.06.2025 तक उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया। ऋणकर्ताओं द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने के कारण, ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 6 मई 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।

ऋणकर्ताओं और आम जनता को विशेष रूप से आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय) द्वारा 5,57,707.44/- (पांच लाख सत्तावन हजार सात सौ सात और चवालीस पैसे मात्र) और उस पर ब्याज के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

**बंधक संपत्ति का विवरण**

हीरापुर गांव, गुलाबगंज तहसील, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश- 464220 में स्थित भूखंड संख्या 1 पी, सर्वेक्षण संख्या 97बी, क्षेत्रफल 2517 वर्ग फुट, की पूरी संपत्ति। दस्तावेजों के अनुसार सीमाएँ: पूर्व: प्लॉट संख्या 02, पश्चिम: सर्वेक्षण संख्या 89 (सड़क), उत्तर: सर्वेक्षण संख्या 96 और 95, दक्षिण: प्लॉट संख्या 03 (बाबू खान)। स्थल के अनुसार सीमाएँ: पूर्व: धारू गुर्जर की भूमि, पश्चिम: सड़क, उत्तर: हीरालाल का घर, दक्षिण: बाबू खान की संपत्ति।

दिनांक: 06.05.2026
स्थान: मध्यप्रदेश
ऋण खाता संख्या: 139182260

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)



SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालय: 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051
पंजीकृत कार्यालय: कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

**मांग नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के अंतर्गत, अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** (जिसे आगे एसएमएचएफसी कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधिनियम की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। अधोहस्ताक्षरी का यह मानना है कि उधारकर्ता/उधारकर्ता मांग सूचना/सूचनाओं की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार सूचना की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग सूचना/सूचनाओं की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत है:

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या और उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता संपत्ति धारकों का नाम, जैसा भी मामला हो | सुरक्षित परिसंपत्तियों / बंधक संपत्ति का विवरण | डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) और टोटल O/s |
|---|---|---|---|
| 1 | लैन: 614839212106476 1. दिनेश कुमार कोरी 2. रेखा बाई कोरी पता: ग्राम रावसर पो. रावसर अशोकनगर अशोक नगर म.प्र 473331 | यह संपत्ति निम्नलिखित भाग से मिलकर बनी है: पीएच नं. 27, सर्वे नं.904/2/6 और सर्वे नं.905/मिन, प्लॉट नं. ए-16, वार्ड नं. 08, राधा एवेन्यू कॉलोनी के समीप पाराशर कॉलोनी नवीन बाईपास रोड, अशोक नगर, जिला अशोक नगर म.प्र.। संपत्ति का क्षेत्रफल 1250 वर्ग फुट है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में अन्य का प्लॉट नं. ए-17, पश्चिम में अन्य का ए-15, उत्तर में श्री राधा एवेन्यू कॉलोनी, दक्षिण में प्रस्तावित और 20 फुट चौड़ी साझा सड़क। | 13.04.2026 रु. 25,96,465.63 (पच्चीस लाख छयानवे हजार चार एक सौ पैंसठ और तिरेसठ पैसे मात्र ) 09.04.2026 तक एनपीए दिनांक: 07-04-2026 |
| 2 | लैन: 604439212024885 1. मयंक तिवारी 2. सुनीता सिंह पता : मकान नंबर 187 महाबली नगर कोलार भोपाल 462042 | यह संपत्ति आवासीय परिसर है, जिसमें शामिल हैं: फ्लैट सं. 204, दूसरी मंजिल, जो भू-राजस्व के हिस्से में स्थित है। खसरा सं.186, रकबा 0.050 हेक्टेयर, के अंश भाग पर निर्मित ज्योति हाइट्स, ग्राम गेहुखेड़ा, वार्ड सं.81, तहसील कोलार, भोपाल, मध्य प्रदेश। इसका क्षेत्रफल 850 वर्ग फुट है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में खुला क्षेत्र, पश्चिम में फ्लैट संख्या 203 का गलियारा, उत्तर में खुला क्षेत्र, दक्षिण में फ्लैट संख्या 205। | 13.04.2026 रु. 20,65,067.90 (बीस लाख पैंसठ हजार सड़सठ और नब्बे पैसे मात्र) 09.04.2026 तक एनपीए तिथि: 07-04-2026 |
| 3 | लैन: 614839512094231 1. अंसार अहमद 2. रानी कुरेशी, 3. फरजाना बी, 4. इकरार खान पता : आजाद मुहल्ला वार्ड नं.10 अशोक नगर अशोक नगर मध्यप्रदेश 473331 | यह संपत्ति निम्नलिखित भाग में स्थित है: पीएच नं. 27, सर्वे नं. 1000/6, वार्ड नं.10, यादव साहब बाली, यशोधरा कॉलोनी, आजाद मोहल्ला, अशोक नगर, तहसील एवं जिला अशोक नगर, मध्य प्रदेश। इसका क्षेत्रफल 1575 वर्ग फुट है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में श्री इकरार खान का मकान, पश्चिम में श्रीमती रानी कुरैशी का मकान, उत्तर में गली कॉमन रोड, दक्षिण में गली कॉमन रोड। | 13.04.2026 रु. 51,58,134.70 (इक्यावन लाख अट्ठावन हजार एक सौ चौंतीस और सत्तर पैसे मात्र) 09.04.2026 तक एनपीए तिथि: 07-04-2026 |

उधारकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय के साथ भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि **एसएमएचएफसी** एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकर्ताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकर्ताओं द्वारा बंधक रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के खिलाफ एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो **एसएमएचएफसी** सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा करने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके उन्हें स्थानांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। **एसएमएचएफसी** को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित संपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के बाद, **एसएमएचएफसी** को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, अगर गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य **एसएमएचएफसी** को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत **एसएमएचएफसी** को उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें उपलब्ध समय के संबंध में, सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को **एसएमएचएफसी** की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या उनसे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। डिमांड नोटिस की प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(ओं) यदि चाहें तो इसे नीचे हस्ताक्षरकर्ता से किसी भी कार्य दिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।

स्थान : अशोकनगर, भोपाल, मध्य प्रदेश
दिनांक : 13.04.2026